Title: Demand to construct a tunnel at Jogila Hills for the convenience of the People of Ladakh and need to allocate funds for the completion of airport at Kargil.

श्री सैयद हुसैन (लद्दाख): जनाब चेयरमैन साहब, जैसा कि सबको मालूम है, लद्दाख जम्मू-कश्मीर का पसमान्दह तरीन इलाका है। मरकजी सरकार को रियासत जम्मू-कश्मीर की सरकार को हर तरह का मदद देनी चाहिए, ताकि वह लद्दाख की पसमान्दगी को दूर करने की कोशिश करे।

आज मैं चंद खसूसी मुश्किलाल का जिक्र करना चाहता हूं, ताकि लद्दाख खित्ते की तामीर और तरक्की की तरफ खसूसी तवज्जोह दी जा सके।

मैं मरकजी सरकार से मांग कर रहा हूं कि जोजिला पहाड़ पर बनाई जाए, ताकि लद्दाख खित्ते को १२ महीने के लिए सढ़क मिल जाए और इस खित्ते में रहने वाले लोगों को मुश्किलात से निजात मिल सके।

कारगिल में कोई हवाई अड्डा नहीं है। दो बरस पहले वहां हवाईअड्डा बनना शुरू हुआ था, जो मुनासिब रकुमात फराहम न होने की वजह से मुकम्मल नहीं हुआ है। मेरी मरकजी हुकूमत से दरख्वास्त है कि वह रकम फराहम करके हवाईअड्डे को मुकम्मात करके कारगिल, जॉस्कर और लेह के अवाम को राहत पहुंचाए।

इसके अलावा इस खित्ते के अवाम से इनकम टैक्स न लिया जाए, क्योंकि यह इलाका दौरे अफतावह और पसमान्दह है।